आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



माँ चन्द्रघंटा
तीसरा नवरात्री

बर्ष :12 अंक :278 पृष्ठ -4 दिनांक 05 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार

## लेट लतीफी पर सीएम योगी सख्त, कहा-3 दिन से ज्यादा न लटके कोई फाइल, सीधे मुझसे मिलें

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कोनिर्देश दिए कि आम नागरिकों की शिकायतों का जल्द से जल्द हो निदान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के सभी अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की, जिसमें वो फुल एक्शन मोड में दिखाई दिए. सीएम योगी ने इस दौरान पुलिस अधिकारियों के तबा. दले की चर्चा करते हुए सरकारी दफ्तरों में नागरिक चार्टर लागू करने का निर्देश दिया और कहा कि किसी भी कार्यालय में कोई फाइल तीन दिन से ज्यादा लंबित नहीं रहनी चाहिए. सीएम योगी ने कहा कि किसी भी कार्यालय में फाइल ज्यादा दिन तक नहीं



रुकनी चाहिए. सभी अधिकारियों और इकाइयों को बीच बेहतर संवाद और समन्वय हो. ताकि बेहतर तालमेल से काम तेजी से हो सके. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी कार्यालय में कोई फाइल 3 दिन से अधिक लंबित न हो. यदि किसी तरह की समस्या हो तो डीजीपी कार्यालय, गृह विभाग अथवा सीधे मुझसे (सीएम योगी आदित्यनाथ) समय लेकर मिल सकते हैं. सीएम योगी ने दिए सख्त निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का जल्द से जल्द निदान करना जरूरी है. इसके लिए हर दफ्तर में सिटिजन चार्टर को प्रभावी रूप से लागू किया जाना चाहिए. अगर किसी वजह से काम में देरी होती है तो उसकी जवाबदेही तय की जाएं. उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों के प्रकरण में आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार किया जाना चाहिए. फिजिकल परीक्षण के नियम व्यावहारिक होने चाहिए. मृतक आ. श्रितों के प्रकरण का तय समय–सीमा के भीतर निस्तारित होना

योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान प्रदेश में बढ़ रहे साइबर क्राइम को लेकर भी चिंता जताई और अधिकारियों को इन घटनाओं को लेकर सतर्क रहने को कहा, उन्होंने निर्देश दिए साइबर क्राइम रोकने के लिए हर स्तर पर सतर्क रहना होगा. साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता है. शिक्षक, उद्यमियों, व्यापारियों, चिकित्सकों सहित अलग–अलग वर्गों के साथ समय–समय पर गोष्ठियां की जाएं.

### देवबंद में NIA की छापेमारी, बिहार के युवक को साथ ले गई टीम, मचा हड़कंप

उत्तर प्रदेश के देवबंद में नेशनल इन्वे. स्टिगेशन एजेंसी की टीम ने शुक्रवार देर रात देवबंद में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। यहां से टीम ने एक एक यवक को पूछताछ के लिए उठाया है। टीम युवक को अपने साथ ले गई। बताया गया कि यह युवक बिहार के कटिहार जिले का रहने वाला है और देवबंद में ही रह रहा है। वहीं स्थानीय पुलिस को छापेमारी की कोई भनक तक नहीं लगी।

### सलमान खान के शो का हिस्सा बनेंगे अनिरूद्धाचार्य? मिला बड़ा हिंट




6 अक्टूबर की शाम से सलमान खान का शो बिग बॉस 18 शुरू होने जा रहा है. इस शो को लेकर फैंस के बीच गजब का क्रेज है. लेकिन इसी बीच बिग बॉस के सेट के बाहर अनिरुद्धाचार्य को देखा गया है, जिसके बाद हर कोई ये अंदाजा लगा रहा है कि क्या बाबा जी अब सलमान के शो में शामिल होंगे?हज कुछ ही घंटों में ठपहह ठवे 18 का ग्रैंड प्रीमियर शुरू होने वाला है. सलमान खान और बिग बॉस की फैन आर्मी इस शो का बेसब्री के साथ इंतजार कर रही है. 6 अक्टूबर की शाम से बिग बॉस 18 का आगाज हो जाएगा. वहीं 5 अक्टूबर की शाम से प्रीमियर की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी. शो में शामिल होने वाले कंटे. स्टेंट्स के प्रोमो भी मेकर्स ने शेयर करने शुरू कर दिए हैं. हालांकि मेकर्स ने भी प्रोमो में हर बार की तरह चालाकी दिखाई है. कंटेस्टेंट का लुक और आवाज तो सुनाई है, लेकिन चेहरा छिपाए रखा है.यूजर्स अनिरुद्धाचार्य को देखकर काफी खुश नजर आ रहे हैं. एक यूजर इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखता है, "ये बाबा जी अगर बिग बॉस में एंट्री लेते हैं तो मैं पक्का देखूंगा बिग बॉस." एक दूसरे यूजर ने लिखा, "इन गुरु जी को मेरा सपोर्ट है. उम्मीद है कि ये अपनी इमेज को साफ रखेंगे." एक यूजर ने लिखा, "ये बाबा जी धीरे–धीरे मोह में फंस रहे हैं." सोशल मीडिया पर अनिरुद्धाचार्य की वीडियोज अक्सर वायरल होती रहती हैं. उनके भक्तों को दिए गए जवाबों पर लोग खूब फिरकी भी लेते हैं.

## सीएम योगी का निर्देश, इसी माह के अंत तक जारी करें यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का रिजल्ट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के सभी अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की. इस बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी पुलिस कार्मिकों को श्ई–पेंशनश से जोड़ने के साथ ही समय पर पदोन्नति मिले. साथी ही बीते दिनों हुई पुलिस की परीक्षा का रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया गया है.सीएम योगी ने कहा, पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी करने की तैयारी करें. रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाएं, परीक्षाओं की शुचिता को हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है. वीमेन पॉवर लाइन–1090 कोऔ उपयोगी बनाने का प्रयास हो एवं इसके बारे में जागरूकता बढ़ाएं.श्मुख्यमंत्री ने कहा, श्हर जिले का लक्ष्य तय करें, ससमय दोषियों को दंड मिलना सुनिश्चित कराएं. विशेष परिस्थितियों में हमारी PRV 112 ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं. आज




औसत रिस्पॉन्स टाइम घटकर 7.5 मिनट तक आ गया है. कुछ जिलों में तो 3–5 मिनट में रिस्पॉन्स मिल रहा है. तकनीक की सहायता से इसे और कम किया जाना चाहिए.श्नियमों में बदलाव पर विचार करें– सीएमउन्होंने कहा, श्मृतक आश्रितों के प्रकरण में आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार किया जाना चाहिए. फिजिकल परीक्षण के नियम व्यावहारिक होने चाहिए. मृतक आश्रितों के प्रकरण का तय समय–सीमा के भीतर निस्तारित होना सुनिश्चित करें. साइबर क्राइम रोकने के लिए हर स्तर पर सतर्क रहना होगा.बैठक के दौरान उन्होंने कहा, साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता है. शिक्षक, उद्यमियों, व्यापारियों, चिकित्सकों सहित अलग–अलग वर्गों के साथ समय–समय पर गोष्ठियां की जाएं. सभी पुलिस का. र्मिकों को ई–पेंशनश से जोड़ने के साथ ही समय पर पदोन्नति मिले, उनकी चरित्र पंजिका पर सही विवरण अंकित हो, उनकी योग्यता और प्रतिभा केअनुरूप पदस्थापना मिले व सेवानिवृत्ति के समय देयकों का भुगतान समय से हो.

### जल जीवन मिशन में हो रही मनमानीश्, पूर्व विधायक ने की शिकायत, CM योगी को लिखा पत्र

बस्ती की रूधौली सीट से पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र देकर जल जीवन मिशन योजना में व्याप्त मनमानी, गुणवत्ता में कमी आदि की जांच कराकर प्रभावी कार्रवाई का आग्रह किया. इस संबंध में उन्होंने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर उन्हें जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वन में मनमानी पर अंकुश लगाने और दोषियों पर कार. वाई की मांग की ताकि लोगों को योजना का पूरा लाभ मिल सके. पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को दिए पत्र में कहा कि विधानसभा क्षेत्र 309 रूधौली में भ्रमण के दौरान उन्हें स्थानीय लोगों ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के लिए भूमिगत पाइप लाइन बिछाने, वाटर हेड टैंक के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए चयनित फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेसर्स वी.एस.ए. इन्फ्रा. प्रोजेक्ट, मेसर्स जैक्शन विश्वराज को जिम्मेदारी सौंपी गई थी. जल शक्ति मिशन योजना में मनमानीइस योजना को निर्बाध रूप से संचालन के लिए तकनीकी कर्मियों की नियुक्ति के लिए मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रा. कम्पनी को नामित किया गया है. जिसके द्वारा 13 तकनीकी कार्मिकों की नियुक्ति की जानी थी. इसके लिए साल 2021 में ही संबंधित ब्लाकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी कराई गई लेकिन अभी तक तकनीकी कार्मिकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है. इस मिशन में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं. जिससे फर्म की मनमानी बढ़ रही है. फर्मों द्वारा 30 प्रतिशत पर पेटी कॉन्ट्रेक. टरों से काम कराया जा रहा है. जिससे कार्य की गुणवत्ता खराब हो रही है उनके भुगतान में भी देरी हो रही है. पूर्व विधायक ने इस संबंध में



आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की और काम की गुणवत्ता की जाँच कराने का भी आग्रह किया. पूर्व विधायक ने की शिकायतसंजय प्रताप जायसवाल ने इस संबंध में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर सारी जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने पाइपलाइन बिछाने के काम के  दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़क और उसकी पटरियों को यथा स्थिति नहीं बनाया है. सड़कों की पटरियां क्षतिग्रस्त होने से राजस्व को भी नुकसान हुआ है और आम लोगों को भी परेशानी हो रही है. शासन का स्पष्ट आदेश है कि कार्यदायी संस्था द्वारा पाइप बिछाने के दौरान खोदे गये सड़कों की पटरियों को गुणवत्ता पूर्ण पुनर्निर्माण कराते हुए उसकी तय सीमा तक रख रखाव करने की जिम्मेदारी होगी. यह भी संज्ञान में आया है कि वाटर हेड टैंक, पाइल लाईन, टोटी फिटिंग सहित अन्य कार्य का निर्माण कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत के प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर कर जिला प्रशासन को सन्तोषजनक कार्य की आख्या प्रस्तुत कर दी जा रही है. उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के जिम्मेदार अधिकारियों ने बिना स्थलीय निरीक्षण के भुगतान की प्रक्रिया भी कर दी. इससे जहां कार्य की गुणवत्ता क्षीण हुई है तो महत्वपूर्ण योजना में सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है जिसकी जांच कराकर दोषी फर्मों वं जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों पर विधिक कार्रवाई हो. उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्री उन्हें कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है

### अमेठी हत्याकांड दारोगा की पिस्टल छीनकर भागने की को. शिश कर रहा था आरोपी चंदन, पुलिस ने पैर में मारी गोली

अमेठी में दलित शिक्षक सुशील कुमार और उसके परिवार की हत्या करने वाले आरोपी चंदन वर्मा की पुलिस से मुठभेड़ हो गई. इस दौरान उसके दाहिने पैर में गोली लग गई, जिससे वो घायल हो गया. ये मुठभेड़ उस वक्त हुई जब पुलिस उसे हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी के लिए ले जा रही थी. उसी समय उसने दारोगा की पिस्टल छीनकर पुलिस की और फायरिंग करने की कोशिश की. यूपी एसटीएफ ने शुक्रवार को ही आरोपी चंदन वर्मा को नोएडा के जेवर टोल प्लाजा से गिरफ्तार कर लिया था. पुलिस देर शाम को पुलिस जब उसे सुनील और उसके परिवार की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी के लिए ले जा रही थी, तो उसने भागने की कोशिश की और दारोगा की पिस्टल छीन कर फायरिंग करने जा रहा था. तभी पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चला दी, इस मुठभेड़ में चंदन के दाहिने पैर में गोली लग गई और वो घायल हो गया.पुलिस मुठभेड़ में लगी गोलीये मुठभेड़ मोहनगंज थाने क्षेत्र में हुई. इस बारे में जानकारी देते हुए हरेंद्र कुमार ने बताया कि चंदन वर्मा को मुठभेड़ के दौरान गोली लगी है. अभियुक्त को इलाज के लिए तिलोई सीएचसी अस्पताल ले जाया गया है. जहां उसका इलाज चल रहा है. पुलिस को उसके पास से एक पिस्टल, एक बुलेट मोटरसाइकिल एवं एक कारतूस बरामद हुआ है. इस



मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. चंदन पर अमेठी के अहोरवा भवानी में रहने वाले टीचर सुशील समेत उसके परिवार के चार लोगों की हत्या का आरोप है. इस बीच अमेठी हत्याकांड को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. दावा किया जा रहा कि टीचर सुशील की पत्नी पूनम भारती और चंदन वर्मा के बीच कथित तौर पर प्रेम संबंध थे.

इतना ही नहीं चंदन वर्मा के व्हाट्सऐप स्टेटस का एक स्क्रीनशॉट भी सामने आया है. 12 सितंबर को अपडेट किए गए स्टेटस में लिखा गया है– 5 लोग मरने जा रहे हैं.

मैं जल्द ही आपको दिखाऊंगा.

Whatsapp के स्क्रीनशॉट से यह बात सामने आई है कि चंदन वर्मा ने हत्याकांड से पहले ही इसकी प्लानिंग शुरू कर दी थी.  पुलिस जांच में पता चला है कि पूनम भारती और चंदन के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था. चंदन अक्सर उससे मिलने घर पर आता था. दोनों के बीच वीडियो कॉल पर बात भी होती थी. पुलिस को मोबाइल फोन से इसके सबूत भी मिले हैं.

### कलयुगी पिता ने 60 हजार रूपये में बेटी का किया सौदा, पुलिस ने दलाल समेत 3 लोग किए गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के संभल में एक कलयुगी पिता अपनी 13 साल की बेटी को 60 हजार रुपये में मानव तस्करी करने वाले गिरोह के लोगों को बेचते हुए गिरफ्तार हुआ है. पुलिस ने नाबालिग युवती को इन लोगों के चंगुल से छुड़ाते हुए लड़की के पिता और एक दलाल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. मानव तस्करी का यह गंभीर मामला संभल के बनियाठेर थाना इलाके से सामने आया है. जहां पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को उसके ही पिता द्वारा बेचे जाने से बचा लिया. पुलिस ने इस मामले में लड़की के पिता और एक दलाल समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. चंदौसी तहसील के थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अमियापुर पचाक में मानव तस्करी का मामला उजागर हुआ है. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़की को 60 हजार रुपये में बेचे जाने की तैयारी हो रही है. इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांव में छापा मारा, जहां मामला मानव तस्करी का निकला. पुलिस के अनुसार आरोपी पिता अपनी ही 13 वर्षीय बेटी को साठ हजार रुपये में बेचने की कोशिश कर रहा

इस कुप्रवृत्ति में उसके साथ एक दलाल और एक सहयोगी भी शामिल था. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ लिया और लड़की को सुरक्षित किया. पुलिस ने नाबालिग बच्ची को किया बरामद संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई. उन्होंने बताया कि हमारे पास जानकारी थी कि  कुछ लोग मुरादाबाद से बनियाठेर क्षेत्र में आए हैं और एक बच्ची को 60 हजार रुपये में बेचने के लिए यहां घूम रहे थे पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई लोगों को गिरफ्तार किया, करते हुए जिनके पास से नाबालिग बच्ची को बरामद किया  गया.दलाल कौशल शर्मा गिरफ्तार पुलिस ने बताया कि गहन पूछताछ के बाद पता चला कि लड़की के पिता राजू पुत्र ईशुलाल निवासी मौहल्ला रामतलैया थाना मझोला, मुरादाबाद अपनी बच्ची को बेचने आया था. उसके साथ बबलू पुत्र लल्लू और कौशल शर्मा जो दलाल हैं को भी गिरफ्तार किया गया है. 13 साल की नाबालिग बच्ची का पिता अपनी बेटी को 60 हजार रुपये में बेचना चाहता था जो की नैतिक अपराध है. लड़की का पिता मुरादाबाद का रहने वाला है. यह मानव तस्करी का मामला है सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

# 10वीं के छात्र का स्कूल टीचर पर आया दिल, ट्यूशन पढ़ने आया...फिर की ऐसी हरकत शिक्षिका शर्म से पानी-पानी

## आगरा में एक शिक्षिका का अपने ही स्कूल के दसवीं के छात्र ने शारीरिक शोषण किया

10वीं कक्षा के छात्र का अपनी ही स्कूल टीचर पर दिल आ गया। उसने बहाने से ट्यूशन पढ़ना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने शिक्षिका के गंदे वीडियो बना लिए। फिर उसे ब्लैकमेल कर पास बुलाने लगा। मना करने पर आरोपी छात्र ने ऐसी हरकत की, जिससे शिक्षिका शर्म से किसी से नजर भी नहीं मिला पा रही है। आगरा में एक




शिक्षिका का अपने ही स्कूल के दसवीं के छात्र ने शारीरिक शोषण किया। अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। शिक्षिका के दूरी बनाने पर दोस्तों को वीडियो भेज दिया। वह भी अपने पास बुलाने का दबाव बनाने लगे। बात नहीं मानने पर इंस्टाग्राम पर पेज बनाकर वीडियो अपलोड करदिया। मिशन शक्ति अभियान से पीड़िता को सहायता मिली। वह पुलिस के पास पहुंची। शुक्रवार को तीन छात्रों को पकड़ लिया। एक और की तलाश में दबिश दी जा रही है। पीड़िता शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली हैं। वह मथुरा के जैत क्षेत्र के एक स्कूल में शिक्षिका थीं। वहीं पर किराये पर कमरा लेकर रहती थीं। कक्षा 10वीं का छात्र पढ़ाई में कमजोर था। इस पर वो शिक्षिका से अतिरिक्त कक्षाएं लेने लगा। इस दौरान बातों में लेकर शिक्षिका को जाल में फंसा लिया।उसने मोबाइल से वीडियो बनालए।ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करने लगा। उन्होंने छात्र कानंबर ब्लॉक कर दिया। इस पर उसने अपने गांव के तीन युवकों को वीडियो दे दिए। वह व्हाट्स एप पर वीडियो भेजकर मिलने के लिएआने का दबाव बनाने लगे. इंस्टाग्राम पेज बनाकर वीडियो अपलोड करदिया। इसका पता चलनेपर शिक्षिका खुदकुशी कीसचने लगी।पिछले दिनों पुलिस शिक्षिका के मोहल्ले में मिशन अिभियान लिए गई थीइससे उन्हेंहिम्मत मिली।उन्होंने डीसीपी सिटी सूरजराय से गुहारलगाई।` पुलिस ने कार्रवाइ करते हुए 3युवकोंको पकड़लिया। युवक की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## 5600 करोड़ के ड्रग्स मामले में दिल्ली पुलिस का बड़ा फैसला, दुबई के कारोबारी के खिलाफ LOC जारी8

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में जब्त किए गए 5600 करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थों की तस्करी मामले में बड़ा फैसले लिया है. इस मामले में पुलिस ने ड्रग्स नेटवर्क में शामिल होने के संदेह में दुबई में रहने वाले भारतीय मूल के व्यवसायी के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध की पहचान वीरेंद्र बसोया के रूप में हुई और वह फिलहाल दुबई में रह रहा है.दिल्ली पुलिस के मुताबिक भारतीय कारोबारी वीरेंद्र बसोया, तुषार गोयल और जीतेंद्र गिल उर्फ जस्सी की मदद से गिरोह चला रहा था. बता दें कि इस माले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. 5600 करोड़ रुपये के ड्रग्स केस में जांच से जुड़े पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बसोया के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किये जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मादक पदार्थ तस्कर गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है.इससे पहले बुधवार (दो अक्टूबर) को पुलिस ने



दक्षिणी दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम से 560 किलोग्राम से अधिक को. कीन और 40 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक मारिजुआना' जब्त करने का दावा किया था. जब्त किए गए मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत लगभग 5,620 करोड़ रुपये है.गोदाम के मालिक गोयल को दिल्ली के हिमांशु कुमार (27) व औ. रंगजेब सिद्दीकी (23) और मुंबई के भरत कुमार जैन (48) के साथ उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था. एक अन्य आरोपी जस्सी को बृहस्पतिवार को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया .बीजेपी ने कांग्रेस पर बोला था हमला दिल्ली ड्रग्स केस का खुलासा होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमला बोला था. बीजेपी ने ड्रैग्स मामले में मुख्य आरोपी को कांग्रेस का नेता बताया था. हालांकि, कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि आरोपी को कांग्रेस पार्टी से पहले ही निकाला जा चुका है. इस मामले में दिल्ली पुलिस ने ड्रग्स रैकेट के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज दी है.अभी तक जस्सी सहित पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं. अब पुलिस ने दुबई के कारोबारी वीरेंद्र बसोया के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है.

## गाजियाबाद में फूड प्वाइजनिंग, कुट्टू के आटे से बिगड़ी 17 लोगों की तबीयत

अगर आप भी श्रद्धा पूर्वक नवरात्र के व्रत रखते हैं और उसमें कुट्टू के आटे का उपयोग करते हैं तो यह खबर आपके लिए है. क्योंकि गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र में कुट्टू का आटा खाने से 17 लोग बीमार हो गए. सभी को नंदग्राम स्थित मरियम हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा जिनको जांच के बाद डॉक्टर के द्वारा फूड प्वाइजनिंग की शिकायत बताई गई है.लोगों ने बताया कि, वह अपने नजदीक के अमित आटा चक्की से कुट्टू का आटा लेकर आए थे. व्रत में कुट्टू का आटे का सेवन करने के बाद 17 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए. वह आज मरियम अस्पताल में भर्ती है. वहीं इस खबर पर दूसरी तरफ फूड सेफ्टी विभाग में हड़कंप मच गया. अधिकारी अमित आटा चक्की पर सैंपलिंग लेने में जुटे हैं.



मरियम हॉस्पिटल के डॉक्टर ने भी बताया काफी संख्या में मरीज आए थे. जिनमें से कुछ मरीज ठीक होकर घर जा चुके है, कुछ मरीज अस्पताल में भर्ती है. खाद्य विभाग दुकानों से कलेक्ट कर रहा सैंपलखाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि, सुबह हमे कुट्टू के आटे खाने खाने वाले के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली थी. जिसके बाद हमने उस दुकान के सैंपल भी लिए है साथ की दुकानदार ने जहां से कुट्टू का सामान खरीदा था. उस फार्म से भी ढाई कुंटल कुट्टू की बोरिया भी सीज की है. साथ ही इन दिनों विभाग की चार टीम लगातार दुकानों के सैंपल ले रही है. ऐसी लगभग 15 दुकानों को हमने सील किया है जिनमे कमियां और गलतियां पाई गई. साथ ही लोगो से अपील करते हुए कहा है. जो भी लोग कुट्टू के बने खाने का कम से कम सेवन करे. साथ ही ठंडी खाद्य पदार्थों का भी साथ में इस्तंमाल करें.

## उज्जैन में कुत्ते के डर से भागी 8 साल की बच्ची, घर पहुंची तो बिगड़ी तबीयत, हो गई मौत



मध्य प्रदेश के उज्जैन में केडी गेट इलाके में रहने वाली एक आठ वर्षीय छात्रा की शुक्रवार (4 अक्तूबर) को कुत्ते की दहशत की वजह मौत हो गई. इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. छात्रा कोचिंग के लिए घर से निकली थी, लेकिन रास्ते में उसे कुत्ते ने दौड़ा लिया. इससे वह डरकर भागती हुई घर पहुंची, जिसके बाद से उसकी तबीयत बिगड़ गई. इस घटना के बाद बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं बच्ची की मौत के बाद नाराज बोहरा समाज के लोगों ने कांग्रेस के साथ मिलकर चक्का जाम किया. बता दें इंशिया शुक्रवार को कोचिंग क्लास के लिए निकली थी. वह अपने घर से कुछ ही दूरी पर पहुंची थी कि एक कुत्ते ने उसे दौड़ा लिया. ऐसे में डर कर बच्ची वापस भागते हुए अपने घर पहुंची, यहां उसकी तबीयत बिगड़ गई. इसके बाद उसे उज्जैन के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इंशिया को मृत घोषित कर दिया. आस पास के लोगों ने बताया पहले भी यहां कुत्तों के काटने से मौत के मामले सामने आ चुके हैं. इसी के चलते बोहरा समाज के लोगों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया. कांग्रेस विधायक महेश परमार और कई पार्षद भी मौके पर पहुंचे. नगर निगम कमिश्नर ने क्या कहा? नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाकर चक्का जाम खत्म करवाया. उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों को लेकर जो भी जरूरी कदम होंगे वह उठाए जाएंगे, जिससे ऐसी घटना दोबारा न हो. नगर निगम कमिश्नर ने कहा, कुत्तों के लिए भोजन सहित अन्य सभी उपाय किए जा रहे हैं, ताकि वो हिंसक न हो. नगर निगम ने 19 हजार कुत्तों का वैक्सीनेशन भी किया है.मुख्यमंत्री मोहन यादव के शहर में हुई घटना को लेकर कांग्रेस ने भी बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है. कांग्रेस विधायक महेश परमार ने आरोप लगाया कि ष्नगर निगम अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रही है, जिसकी वजह

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
**अमित कुमार वर्मा**
सम्पादक करें
मो:8218049162,82734024

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**
**सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।**

## एक तरफा प्यार में पागल डॉक्टर ने छात्रा को दी जान से मारने की धमकी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई है कि एक और ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ इसी तरह की वारदात करने की धमकी दी गई. यह घटना कानपुर के एलएलआर हॉस्पिटल का है. पीड़िता ट्रेनी महिला डॉक्टर से एक सीनियर डॉक्टर ने कथित रुप से छेड़छाड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी, इसके अलावा उसके चेहरे पर तेजाब फेंकने की भी धमकी दी है. इससे पीड़िता ट्रेनी डॉक्टर दहशत में है. पीड़िता ने दर्ज कराई थ्प्त्बताया जा रहा है कि यहां का एक सीनियर डॉक्टर, एमएस की छात्रा और ट्रेनी महिला डॉक्टर को बुरी नियत से देखता था. आरोपी सीनियर डॉक्टर पीड़िता से छेड़छाड़ भी करता है. इंतेहा तो तब हो गई जब आरोपी डॉक्टर, महिला ट्रेनी डॉक्टर के रूम के बाहर पहुंच गया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगा. आरोपी सीनियर डॉक्टर ने धमकी देते हुए कहा, ष्तुम मेरी नहीं होगी तो किसी की नहीं होने दूंगा. मैं तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा.ष इस धमकी के बाद ट्रेनी महिला डॉक्टर डर गई. इसके बाद उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है. क्या है पूरा मामला?पीड़िता कानपुर के एलएलआर हॉस्पिटल में नेत्र रोग विषय से एमएस तृतीय वर्ष की छात्रा है. महिला डॉक्टर को पढ़ाई के दौरान ट्रेनिंग के लिए अलग—अलग अस्पताल में भेजा जाता है. ट्रेनिंग के जब महिला डॉक्टर कानपुर स्थित उर्सिला अस्पताल गई थी, उसी दौरान नेत्र विभाग में तैनात सीनियर डॉक्टर केएन कटियार की नियत उस पर खराब हो गई. ट्रेनिंग के दौरान डॉक्टर केएन कटियार पीड़िता ट्रेनी डॉक्टर से छेड़छाड़ और गलत हरकतें करने लगा. अगस्त माह में महिला डॉक्टर ने आरोपी के इस हरकत का विरोध करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और अधिकारियों से शिकायत किया था. शिकायत के बाद आरोपी डॉक्टर को चेतावनी देकर मामले को रफादफा कर दिया गया था.इसके बावजूद आरोपी डॉक्टर की हरकतों पर विराम नहीं लगा. आरोपी डॉक्टर नशे में धुत्त होकर महिला डॉक्टर को आए दिन मैसेज पर धमकी देने लगा. बताया जा रहा है कि महिला डॉक्टर पहले से शादीशुदा भी है. इसके बावजूद सनकी डॉक्टर ने महिला डॉक्टर को परेशान करना बंद नहीं किया पीड़िता के रूम के बाहर हंगामा बीते 1 अक्टूबर को आरोपी डॉक्टर ने सारी हदें पार कर दी. महिला डॉक्टर के रूम के बाहर जाकर आरोपी डॉक्टर केएन कटियार ने हंगामा शुरू कर दिया. देर रात आरोपी ने पहले तो महिला डॉक्टर के पति को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी देने लगा. आरोपी के धमकी से डरकर डॉक्टर ने फौरन गार्ड को कॉल कर इसकी सूचना दी. मौके पर पहुंचे डॉक्टरों ने आरोपी डॉक्टर को मौके से भगा दिया. अब इस मामले में महिला डॉक्टर ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ स्वरूप नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है. श्आरोपी के खिलाफ होनी चाहिए कार्रवाईश्पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस आरोपी डॉक्टर की तलाश में जुट गई है. इस पूरे मामले में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर संजय काला का कहना है कि इस तरह की घटना शर्मिंदा करने वाली है. उन्होंने कहा कि ऐसे सनकी और घटिया मानसिकता वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए.

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सि में फलीस्तीन के समर्थन में निकला मार्च, इस्राइल के खिलाफ की नारेबाजी

छात्रों ने कहा कि वहां के बेकसूर लोगों पर जुल्म किए जा रहे हैं। इंसानियत शर्मसार हो रही है, लेकिन सभी देश इस्राइल की बर्बरता पर खामोश हैं।अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में जुमे की नमाज के बाद छात्रों ने फलीस्तीन के समर्थन मार्च निकाला। छात्रों ने इस्राइल के खिलाफ में जमकर नारेबाजी की।जुमे की नमाज पढ़ने के बाद स्टूडेंट्स इस्लामिक आर्गेनाइजेशन इंडिया एएमयू के बैनरतले छात्रों ने फलीस्तीन के समर्थन में मार्च निकालकर इस्राइल के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने फलीस्तीन की आ. जादी की मांग की। बैनर में– "नदी से शुरू हुआ अब समंदर की तरफ जा रहा है, अब फलीस्तीन आजाद होगा" उल्लेख है।




## हिंदुओं के पावन पर्व नवरात्रि के त्योहार पर शहर में फैली बदबू को लेकर एडीएम सिटी को दिया ज्ञापन





हिन्दुओ के पावन पर्व नवरात्रि के त्यौहार व दशहरा ,दीपावली व भैया दौज जैसे त्यौहार आने वाले है लेकिन पहले नवरात्र से ही चर्बी उबालने की बदबू से पूरा शहर त्रस्त है अवैध पशु कटान करने वाले विशेष समुदाय के व्यक्तियों द्वारा चर्बी जेहाद से जोरदार हमला किया है जिसके विरोध में पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ विवेक सारस्वत व संजू बजाज की अगुवाई में आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने एडीएम सिटी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा कि चर्बी उबलने की बदबू व यह कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ 3 दिन के अंदर कठोर कार्यवाही नही की तो आंदोलन को बाध्य होंगे। भाजपा नेता महानगर मंत्री एडवोकेट संजू बजाज संजू बजाज ने अपने लेटर पैड पर लिखित शिकायत में कहा है कि शहर की जनता चर्बी की बदबू से त्रस्त है तथा लम्बे समय से बदबू से शहरवासियों का जीना मुश्किल हो रहा है और प्रशासन अभी तक चर्बी उबालने व अवैध पशु कटान वाले लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही करने में विफल साबित हो रहा है प्रशासन की खानापूर्ति कार्यवाही के पश्चात भी निरन्तर बदबू आ रही है ज्ञापन के माध्यम से तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है अगर प्रशासन ने उक्त कृ त्य करने वालोंके खिलाफ चिन्हित कर एनएसए लगाकर कठोर कार्यवाही नहीं कि तो शहरवासियों व हिन्दू समाज के साथ स्वंय कट्टीघरों की तरफ कूच करके अवैध बूचड़खाने एव चर्बी उबालने वाले स्थान को ध्वस्त कर कार्यवाही करने को बाध्य होंगे। वहीं डॉ विवेक सारस्वत ने कहा है कि 24 फरवरी को एक पत्र सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी हुआ जिसमें उक्त चर्बी उबालने वालों व हड्डी का काम करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही का आदेश दिया गया उसके बावजूद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की है आम जनता भाजपा नेताओं की ओर देख रही है हम जनता को बदबू से परेशान नहीं होने देंगे प्रशासन की हीलाहवाली साफ नजर आ रही है शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन काम नहीं कर पा रहा है


अगर कार्यवाही नहीं गई तो मजबूरन कठोर कदम उठाने को बाध्य होंइस अवसर पर महामंत्री वैभव गौतम,उपाध्यक्ष यतेंद्र वा. ईके,संजय गोयल, सुबोध स्वीटी,बंटी सरदार,विनय वार्ष्णेय,संजय शर्मा,इमरान सैफी,विजय राठौर,अमित बजाज,सुधीर,राहुल माहौर, योगेश जाटव,आकाश जाटव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नुमाइश ग्राउंड में रावण दहन की व्यवस्थाओ में जुटा नगर निगम–नगर आयुक्त ने रामलीला कमेटी संग व्यवस्थाओं का

नुमाइश ग्राउंड में रावण दहन की व्यवस्थाओ में जुटा नगर निगम–नगर आयुक्त ने रामलीला कमेटी संग व्यवस्थाओं का लिया जायजा –अधीनस्थों को सौपें दायित्व– रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं पर लिया फीडबैक20 अधिकारी व 250 सफाई कर्मचारी सभालेगें नुमाइश ग्राउंड में रावण दहन की व्यवस्थायें–30 क्यूकि एक्शन टीमें रहेंगी मुस्तैद रावण जलने तक शोभायात्रा मार्ग पर पैचवर्क शुरू–रावण जलने और भीड़ हटने तक प्रकाशवान रहेगा नुमाइश ग्राउंड रावण दहन स्थल और शोभायात्रा पर चप्पे–चप्पे पर तैनात होगा नगर निगम–जल निकासी व समतलीकरण करने में जुटा नगर निगम परंपरागत व्यवस्थाओं को नगर निगम द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है रावण दहन स्थल और शोभायात्रा मार्ग पर अधिकारियों कर्मचारियों की तैनाती की गई हैरू–नगर आयुक्त विनोद कुमारबुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरे पर रावण दहन का आयोजन नुमाइश ग्राउंड में होने जा रहा है जिसको देखते हुए अलीगढ़ नगर आयुक्त विनोद कुमार ने श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विमल अग्रवाल व पदाधिकारियों से फीडबैक लेते हुए रावण दहन स्थल नुमाइश ग्रा. उंड का निरीक्षण किया। रावण दहन स्थल नुमाइश ग्राउंड में पानी निकालने के साथ समतलीकरण का काम नगर निगम द्वारा युद्धस्तर पर किया और ग्रा. उंड में चारों ओर साफ सफाई के लिए नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान भी शुरू किया गया है।दशहरे के अवसर पर निकलने वाली परंपरागत शोभायात्रा के मार्ग पर पैचवर्क कराने की जिम्मेदारी मुख्य अभियंता को रावण दहन स्थल पर समतलीकरण कार्य को 48 घन्टे में पूरा करने व रावण दहन के समय आने वाले पथ विक्रेताओं को गंदगी न करने व कूड़ेदान इस्तेमाल करने की हिदायत देने की जिम्मेदारी प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक नगर आयुक्त को दी।नगरायुक्त ने श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विमल अग्रवाल और मौजूद पदाधिकारियों को भव्य और आकर्षक व्यवस्थाओं को रावण दहन स्थल और शोभायात्रा मार्ग पर कराने का वादा किया है।नगर आयुक्त ने बताया कि परंपरागत रावण दहन स्थल नुमाइश ग्रा. उंड और उसके चारों ओर एवं परंपरागत रावण दहन सिंहासन मेला रामलीला भवन से आर्य समाज रोड से आगरा रोड, जिन्दल रोड,मिरूमिल चौराहा, पत्थर बाजार, बांस मण्डी चौराहा, रघुवीर पुरी, होली चौक, सिटी कालेज के पीछे होकर जी0टी0 रोड मित्तल गेट होकर प्रदर्शनी मैदान को देखते हुए 04 सेक्टर बनाये है हर सेक्टर में 01 नोडल अधिकारी, प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक अभियंता जल, मुख्य अभियन्ता, प्रभारी लाइट सहित 20 अधिकारीध्कार्मिकों सहित 250 सफाई कर्मचारियों की 30 क्यूक्कि एक्शन टीमें तैनात रहेंगी।उन्होंने बताया कि रावण जलने तक नगर निगम कंट्रोल रूम 7500441344, 05712750250 व टोल फ्री 1533 को निरंतर एक्टिव रखा जायेगा और साथ आयोजन में आयी भीड़ के जाने तक अथवा 1.30 घण्टा बाद तक जनरेटर सेट एक्टिव रखा जाएगा महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा नगर निगम अलीगढ़ परंपरागत दशहरे के आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत है आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है गत वर्षो की भांति इस वर्ष की भव्य आयोजन का गवाह बनेगा नुमा. इश प्रांगण विमल अग्रवाल ने बताया नगर आयुक्त जी ने व्यवस्थाओं को बेहत. रीन कराने का वादा किया है तेजी से समतलीकरण काम किया जा रहा भव्य व आकषर्क होगा रावण दहन व शोभायात्रा का आयोजन होगानिरीक्षण में अपर नगर आयुक्त राकेश यादव, मुख्य अभियंता सुरेश चंद मुख्य अभियंता यांत्रिक अजय राम प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विमल अग्रवाल अर्जुन गोविल अनुराग गुप्ता अनु बीड़ी, विक्रांत गर्ग आदि मौजूद थे।

## बाजारों में जाम, वाहन खड़े करने का नहीं है इंतजाम, जाम से जूझ रहे ग्राहक और राहगीर

सिविल लाइंस के दोदपुर, अमीर निशा, लालडिग्गी, समद रोड, सराय हकीम, बारहद्वारी, रसलगंज, देहली गेट, मलिक चौक, मानिक चौक, मामू भांजा, बड़ा बाजार, महावीरगंज, छिपेटी, कनवरीगंज, सब्जी मंडी, ऊपरकोट, फूल चौराहा, हलवाई खाना, जयगंज, रेलवे रोड पर ई–रिक्शा जाम का बड़ा कारण बन रहे हैं।अलीगढ़ शहर की किसी भी प्रमुख सड़क या बाजार में जाएं तो ग्राहकों व राहगीरों को जाम से जूझना पड़ता है। इसका कारण बाजारों में बढ़ रही वाहनों की संख्या है। त्योहारों में यह समस्या और बढ़ सकती है, इसके बावजूद अभी तक पुलिस–प्रशासन ने इसके लिए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं। नगर निगम की ओर से पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं है। हाल ही में ई–रिक्शा का रूट तय किया गया है, लेकिन इसका पालन नहीं हो पा रहा है।एसपी सिटी के दफ्तर के पास ही लगा रहता है जामएसपी सिटी दफ्तर के पास रसलगंज चौराहे से शुरू करें तो वहां पुलिस चौकी भी है। इसके बाद भी यहां बेतरतीब ढंग से खड़े ऑटो, ई–रिक्शा चालक जाम लगा रहे हैं। यही हालात कबर कुत्ता, माल गोदाम, गांधीपार्क बस स्टैंड, कंपनी बाग, दुबे पड़ाव, सब्जी मंडी, एटा चुंगी, हा. थरस अड्डा, खिरनीगेट, सासनीगेट, सारसौल चौराहा, क्वार्सी चौराहे का है।शहर में जाम का कारण बन रहे ई–रिक्शा व ऑटो के खड़े होने के लिए स्थल निर्धारित किए गए हैं। चालक निर्धारित स्थल से ही सवारियां उतार या बैठा सकते हैं। ऐसा न करने पर संबंधित वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाएगी।– अमित कुमार भट्ट, अपर जिलाधिकारी नगरतंग गलियों में बन रहे जाम का कारण सबसे ज्यादा बुरा हाल ई–रिक्शा की वजह से है। जो तंग गलियों व संकरे बाजारों में जाम बढ़ा रहे हैं। सिविल लाइंस के दोदपुर, अमीर निशा, लालडिग्गी, समद रोड, सराय हकीम, बारहद्वारी, रसलगंज, देहली गेट, मलिक चौक, मानिक चौक, मामू भांजा, बड़ा बाजार, महावीरगंज, छिपेटी, कनव.



रीगंज, सब्जी मंडी, ऊप. रकोट, फूल चौराहा, हलवाई खाना, जयगंज, रेलवे रोड पर ई–रिक्शा जाम का बड़ा कारण बन रहे हैं।जिले में हैं पांच केंद्र जिले में पांच ऑटो संचालन केंद्र है। नियमानुसार संचालन केंद्र की 16 किमी की परिधि में सवारी लाने–ले जाने की अनुमति ऑटो संचालकों को दी जाती है। इस परिधि से बाहर जाने पर इनके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। निजी बसों के मार्ग पर ऑटो चलाने की अनुमति नहीं है। बावजूद इसके ये हर तरफ दौड़ते हैं। वर्ष 2019 से सिर्फ सीएनजी ऑटो को परमिट मिल रहे हैं। पंजीकृत ऑटो व ई रिक्शा का आंकड़ा बेशक कम है, मगर गैर पंजीकृत वाहनों की संख्या कहीं अधिक है।

HOME OF UNANI MEDICINE
Home Delivery also available no any charges
Agency : RAAZI HERBAL PHARMACY NEW SHAMA LABORTIES
STOCKIST : TIBBIYA HAMDARD REX SHAMA &AYURVEDIC
JAVED @ BROS
CALL NOW 9997833988 7017759351
शीघ्रपतन, स्वपनदोष व धात
बांझपन, गांठ व रसोली
दर्द कैसा भी, कहीं भी हो
पेट रोग, सूजन गैस कब्ज
शराब व अन्य नशा छुड़ाऐं
चर्म रोग एलर्जी दाद खाज
यूनानी देशी जड़ी–बूटियों की नयी खोज पहली खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
PAHASU HOUSE TASVEER MAHAL CIVIL LINES ALIGARH

खबरों एंव राष्ट्रीय पर्व प्रचार प्रसार एंव शुभकामनायें संदेश हेतू सम्पर्क करे।
मो : 9870916612

# पिसावा में 7 अक्टूबर को आएंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, जनसभा को करेंगे संबोधित

एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बताया कि डिप्टी सीएम का कार्यक्रम प्रस्ता. वित है। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अभी मिनट टू मिनट कार्यक्रम नहीं मिला है यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का 7 अक्टूबर को अलीगढ़ जनपद में भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्ता. वित है। जिसको लेकर के तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पिसावा क्षेत्र में हेलिकॉप्टर के जरिए पहुंच. ेंगे। इसको लेकर 4 अक. टूबर को पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समेत कई स्थानों पर हेलीपैड बनवाने के लिए निरीक्षण किया गया। डिप्टी सीएम पिसावा में जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इस संबंध में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बताया कि डिप्टी सीएम का कार्यक्रम प्रस्ता. वित है। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अभी मिनट टू मिनट कार्यक्रम नहीं मिला है।



## साइबर ठगों के जाल में फंसे प्रोफेसर, गंवा बैठे 85 लाख, शेयर बाजार में निवेश को लेकर ठगा

प्रोफेसर से शेयर बाजार के नाम पर 40 हजार लगवाए और 10 हजार फायदा दिया गया। प्रोफेसर ने एक साथ 85 लाख रुपये निवेश में लगा दिए। जब वे मुनाफे की रकम वापस करने की कहने लगे तो साइबर ठगों की ओर से धीरे–धीरे संपर्क पूरी तरह से टूट गया। अलीगढ़ शहर में साइबर ठगों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। जो नए–नए तरीकों से लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। अब नया मामला एक कॉलेज के प्रोफेसर का सामने आया है। जिससे साइबर ठगों ने 85 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने प्रोफेसर को शेयर में निवेश के नाम पर झांसे में लेकर यह ठगी की है। जब प्रोफेसर की रकम फंसने लगी और ठगों से संपर्क टूट गया। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। अब उन्होंने इस मामले शिकायत की है।सिविल लाइंस इलाके के रहने वाले एक प्रोफेसर शहर के एक नामी कॉलेज में तैनात हैं। साइबर हैकरों ने व्हाट्सएप पर उन्हें शेयर बाजार में नि. वेश व अच्छा मुनाफा होने का ऑफर दिया। प्रोफेसर को 7 अगस्त के आ. सपास समझाया गया। फिर एक बैंक अकाउंट में सबसे पहले 40 हजार रुपये लेकर उनसे निवेश करवाया गया। तीन–चार दिन बाद 10 हजार रुपये का मुनाफा दिखाया।हालांकि उन्होंने मुनाफे की रकम निक. ाली नहीं। फिर वे धीरे–धीरे और रकम लगाने लगे। इसके बाद प्रोफेसर ने एक साथ 85 लाख रुपये निवेश में लगा दिए। जब वे मुनाफे की रकम वापस करने की कहने लगे तो साइबर ठगों की ओर से धीरे– धीरे 29 सितंबर को संपर्क पूरी तरह से टूट गया। इस मामले में प्रोफेसर ने 4 अक. टूबर को थाने में तहरीर दी है। इस संबंध में साइबर पुलिस थाना पुलिस पीड़ित की ओर से मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। साइबर सेल के इंचार्ज सुरेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।



## रेस्टोरेंट में विवाहिता ने युवक के ऊपर फेंका तेजाब, कमीज उतार कर भागा युवक, महिला पहुंची पुलिस चौकी



अलीगढ़ एक रेस्टोरेंट में विवाहिता ने युवक को मिलने के बहाने से बुलाया। रेस्टोरेंट में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाहिता ने बैग में से तेजाग की बोतल निकाली और तेजाब युवक के ऊपर फेंक दिया। तेजाब से युवक और रेस्टोरेंट का कर्मचारी झुलस गया। युवक शर्ट उतार कर मौके से भाग गया।विवाहिता और उसका युवक एक रेस्टोरेंट में बैठे थे। अचानक ऐसा कुछ हुआ कि विवाहिता ने युवक के ऊपर तेजाब फेंक दिया। युवक तेजाब से झुलस गया और कमीज उतार कर वहां से भाग गया। महिला पुलिस चौकी पहुंची और पूरी जानकारी दी।अलीगढ़ में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सेंटर पॉइंट स्थित एक रे. स्टोरेंट में विवाहिता ने युवक को मिलने के बहाने से बुलाया। रेस्टोरेंट में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाहिता ने बैग में से तेजाग की बोतल निकाली और तेजाब युवक के ऊपर फेंक दिया। तेजाब से युवक और रेस्टोरेंट का कर्मच. ारी झुलस गया। युवक शर्ट उतार कर मौके से भाग गया। तेजाब फेंकने के बाद विवाहित सेंटर प्वाइंट स्थित पुलिस चौकी पहुंची। पुलिस विवाहिता से घटना की जानकारी करने में जुट गई है। युवक विवाहिता का प्रेमी बताया जा रहा है, जिससे वह परेशान थी। रेस्टोरेंट के मालिक ने बताया कि सुबह रेस्टोरेंट खुलने के समय एक विवाहिता आई, वह अंदर बैठ गई। पांच मिनट बाद एक लड़का आया। दोनों ने एक डोसा और भटूरे ऑर्डर किए। दोनों के बीच अचानक बहस शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि विवाहिता ने अपने बैग में से तेजाब भरी बोतल निकाली और उस लड़के के ऊपर तेजाब फेंक दिया। लड़के ने अपनी शर्ट उतारी और वहां से भाग गया। तेजाब फेंकने के बाद विवाहिता सेंटर पॉइंट स्थित पुलिस चौकी पहुंची और वहां पर पुलिस को पूरी घटना के बारे में बताया। पुलिस सीसीटीवी वीडियो और मोबाइल नंबर आदि से लड़के की तलाश कर रही है।




## सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती के लिए 07 अक्टूबर से 08 नवंबर तक सभी विकास खण्डों में लगेंगे शिविर

अलीगढ़ जिले के सभी विकासखण्ड में 07 अक्टूबर से 08 नवंबर तक एसआईएस सिक्युरिटी इण्डिया लिमिटेड न्यू दिल्ली के द्वारा सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र मे अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है।जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने उक्त जानकारी देते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि को विकासखण्ड परिसर उपलब्ध कराते हुए रजिस्ट्रेशन कैम्प लगाने में इनको सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईएस द्वारा निर्धारित रजिस्ट्रेशन कैम्प में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों से 350 रूपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जायेगा जिनका चयन कर लिया गया है। शेष किसी भी अभ्यर्थी से किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि या अधिकारी द्वारा किसी प्रकार की धनराशि वसूली की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें।भर्ती अधिकारी अतुल चौधरी ने भर्ती शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि खैर में 07 अक्टूबर, जवाँ में 09 अक्टूबर, अकराबाद में 11 अक्टूबर, इगलास में 15 अक्टूबर, बिजौली में 17 अक्टूबर, गंगीरी में 19 अक्टूबर, लोधा में 22 अक्टूबर, टप्पल में 24 अक्टूबर, चंडौस में 26 अक्टूबर, अतरौली में 04 नवम्बर, धनीपुर में 06 नवम्बर एवं गोंडा में 08 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया है कि अलीगढ या अन्य जिले के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में आयोजित भर्ती में प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ ही अन्य जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 8755401870 एवं 7838282197 पर भी संपर्क किया जा सकता है।




अलीगढ़ महापौर ने पेयजलापूर्ति जल. निकासी पर की समीक्षा–महापौर ने अगले 6 माह जलनिकासी को प्रभावी बनाने का रोड मैप तैयार करने का लिया निर्णयमिनी ट्यूबवेल से वार्डो में पेयजल किल्लत को दूर करने की महापौर ने शुरू की कवायद–जल्द शहर की सुधरेगी पेयजलापूर्तिजल निगम, सीएनडीएस जलकल के साथ महापौर ने की समीक्षा–महापौर की नसीहत जहाँ आवश्यकता व पेयजल की किल्लत ज्यादा है बिना किसी दबाव के वहा प्राथमिकता पर लगेंगे नए मिनी ट्यूबवेलशनिवार को महापौर प्रशान्त सिंघल ने नगर आयुक्त विनोद कुमार के साथ जल निगम सीएनडीएस व जलकल विभाग के साथ शहर की जल निकासी व पेयजलापूर्ति को प्रभावी बनाने के लिए 2 घन्टे से ज्यादा समीक्षा करते हुए महापौर ने जल निगम को पेयजल की किल्लत वाले वार्डो में बिना किसी दबाव के प्राथमिकता पर सभी वार्ड का सर्वे करते हुए मिनी ट्यूबवेल का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए। महापौर ने शहर के 3 प्रमुख स्थान शाहजमाल, गूलर रोड व रामघाट रोड पर जल निकासी को प्रभावी बनाने के लिए पम्पिंग स्टेशन की डिस्चार्ज क्षमता को अभी से बढ़ाने की कवायद करने के निर्देश दिए। ताकि आगामी 6 महीनों में अगली बारिश से पहले सभी पम्पिंग स्टेशन की कार्यक्षमता बढ़ सके और शहर के जल भराव में कमी आ सके।महापौर ने समीक्षा बैठक में लगाए गए मिनी नलकूप की समीक्षा करते हुए जल निगम व जलकल को तीन दिन में मैन लाइन में सीधे सप्लाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने मिनी ट्यूबवेल के निर्माण के बाद भी कार्यशील नही होने पर नाराजगी जताई महापौर ने निर्देश दिए सभी मिनी ट्यूबवेल को जल्द एक्टिव किया जाए साथ ही सभी मिनी ट्यूबवेल वेल पर बिजली कनेक्शन के लिए हाइडिल विभाग से जल निगम संपर्क कर मिनी ट्यूबवेल क्रियाशील किये जायें।महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा शहर की पेयजलापूर्ति व जल निकासी को प्रभावी बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है अगले 6 महीनों के रोड मैप तैयार किया गया है अगली बारिश से पहले जल निकासी प्रभावी बनेंगी साथ ही मिनी नलकूपों को वार्ड में पेयजल संकट के दृष्टिगत प्राथमिकता पर निर्माण कराया जाएगा।बैठक में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद, मुख्य अभियंता यांत्रिक अजय राम, अधिशासी अभियंता जल निगम सुनील कुमार सहायक अभियंता पुष्पेंद्र सिंह सहित एई व जेई मौजूद थे।